**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**04.12.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1584 का उत्तर**

**मुंबई से सीतापुर यात्री गाड़ी को मैलानी जंक्शन तक करना**

**1584. श्री उत्कर्ष वर्मा मधुर:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार का विचार दिल्ली, हरिद्वार, पंजाब, आगरा, राजस्थान और उत्तर पूर्व की ओर लखीमपुर स्टेशन और जिला खीरी के मैलानी जंक्शन तक यात्री गाड़ी चलाने का है;**

**(ख) यदि हां, तो इसे कब तक चलाये जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और**

**(ग) क्या सरकार का प्रस्ताव मुंबई से सीतापुर यात्री गाड़ी को मैलानी जंक्शन तक बढ़ाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ग): इस समय, मैलानी स्टेशन 16 नियमित रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है जो लखनऊ क्षेत्र, गोरखपुर, पीलीभीत, सीतापुर आदि को जोड़ती हैं। बहरहाल, भारतीय रेल पर नई रेलगाड़ियाँ चलाना और वंदे भारत सेवाओं सहित गाड़ी सेवाओं का विस्तार करना सतत् प्रक्रिया है, जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधन की तंगी आदि के अध्यधीन है।**

**********

S.K